अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 6 जून 2018

PAGE NO- 09. RIGHT MIDDLE

एसआरएमएस ने जीता क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब

ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। - अमर उजाला

बरेली। एसआरएमएस अकादमी में हुई अंडर-16 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब मेजबान संस्थान के नाम रहा। उसने फाइनल में आईटीआई मेरठ को चार विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेरठ की पूरी टीम 37 ओवर में 104 रन ही बना सकी। मेरठ की तरफ से रोहित ने सर्वाधिक 33 रन की पारी खेली। एसआरएमएएस के वैभव ने चार विकेट लिए। जवाब में उतरी एसआरएमएस की टीम ने 19.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। एसआरएमएस की तरफ से प्रकाश ने सर्वाधिक 46 रनों की पारी खेली। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीता राम सक्सेना ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। वैभव मैन ऑफ दि मैच, बेस्ट बॉलर सौरभ को चुना गया। ब्यूरो